तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 2 फरवरी, 2025

12 रामपुर-सरसेहड़ी से जगाधरी रोड तक ....

12 बसंत पंचमी पर छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों ..

खबर संक्षेप

इस्कॉन ने संकीर्तन किया

पानीपत। पानीपत के कच्चा कैंप में इस्कॉन द्वारा आयोजित संकीर्तन कार्यक्रम में भक्तों ने हरे कृष्ण महामंत्र के मधुर भजनों पर नृत्य और संकीर्तन किया। भक्तों ने भगवान को पुष्प और दीप अर्पित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित लोगों को प्रसाद के पैकेट और धार्मिक पुस्तकें जैसे भगवद गीता और रामायण वितरित की गई। विशेष आकर्षण के रूप में हंस के आकार में बने विशेष वाहन पर श्री कृष्ण भगवान की सुंदर प्रतिमा मौजूद

सट्टा खाईवाली करते तीन पकड़े

पानीपत। थाना किला पुलिस टीम ने छोटूराम चौक के नजदीक शराब ठेके के पास सट्टा खाईवाली कर रहे जगजीत निवासी कच्चा कैंप, अजय निवासी बत्तरा कॉलोनी व फैसल निवासी हाली कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से प्रयुक्त कपड़ा, तीन गीटियां व 3500 रूपए की नगदी बरामद की है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

दो कट्टे व कारतुसों के साथ पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सनौली रोड स्थित झांबा मोड़ पर सादिक उर्फ गांधी पुत्र हासिम निवासी गांव खानपुर गुर्जर जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को दो अवैध देसी पिस्तौल व दो जिंदा कारतुस समेत गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि सादिक ने उक्त दोनों अवैध देसी पिस्तौल दो तीन दिन पहले पानीपत के राणा माजरा गांव निवासी एक युवक से खरीदे थे।

सरस्वती महोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा। मेले में खरीदारी करते पर्यटक।

पिहोवा।पिहोवा। प्रस्तुति देते कलाकार।

फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 के चौथे दिन उपमंडल पिहोवा सरस्वती तट पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पहले स्कूलों के विद्यार्थियों की एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने किया। इस मौके पर उनके साथ तहसीलदार विनती तथा नायब तहसीलदार भी उपस्थित थे। सरस्वती तीर्थ पर बने मेन स्टेज पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएवी कालेज पिहोवा, सीडी पब्लिक स्कूल, कैमब्रिज वर्ल्ड स्कूल, अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल, हैडवे, गीता मॉडल स्कूल, बीएसएन, एसडीएसएन, टैगोर पब्लिक स्कूल, एसबीएसडी, बीएमएस, माँ संतोषी, अमर पब्लिक स्कूल, एजीएस, जीजीएसएसएस पिहोवा, जीजीएसएसएस धूलगढ़ स्कूल के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। महोत्सव में बीएमएस स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, कैमब्रिज स्कूल द्वारा गणेश वंदना, अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा राजस्थानी नृत्य, बीएसएन स्कूल द्वारा कृष्णा डांस, बीएमएस स्कूल द्वारा हरियाणवी सोलो डांस, गीता मॉडल स्कूल द्वारा गिद्दा की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात राजस्थानी कलाकार बंसत एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा राजस्थान की संस्कृति को दशार्ते कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर उन्होंने फॉक डांस, कठपुतली और पारम्परिक कला का प्रदर्शन भी किया। सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को माँ सरस्वती की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में विभिन्न कलाएं देखने को मिल रही हैं। लोग महोत्सव में आकर स्वयं को आनंदित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर विभिन्न स्वादिष्टद व्यंजनों का आनंद आमजन द्वारा लिया जा रहा है। इसके साथ ही संगीत एवं सरस मेले द्वारा लोगों का मनोरंजन किया जा रहा है। महोत्सव में बने सेल्फी प्वायंट पर लोग अपनी फोटो खिचवा रहे हैं तथा हरियाणवी स्टाइल की पगड़ी बंधवा रहे हैं। यहां पर आए हुए लोग इस महोत्सव की कई यादें अपने साथ ले जा रहे हैं। इस मौके पर भारत भूषण मिडा अध्यक्ष एग्रीकल्चर कॉरपोरेशन, धर्मवीर डागर शुगर फेड अध्यक्ष, प्रतिमा चौधरी स्पेशल एनिमल हसबेंडरी आईएएस, दीपक बवेजा रोटरी क्लब,आशीष चक्रपाणि चैयरमेन नगर पालिका प्रधान, सतपाल, सतीश सैनी, प्रिंस मंगला मंडल अध्यक्ष, एसडी मुरार, डीपी दस्तूर, रघुविन्द्र सिंह मोरथली सरस्वती विकास बोर्ड सदस्य, सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, रामधारी शर्मा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य, डॉ सतीश सैनी, सुखबीर इशाक मण्डल अध्यक्ष, सुखबीर सैनी, धर्मपाल सैनी इस्माईलाबाद, सभी गांव के सरपंच, विरेंद्र शर्मा, बृजमोहन, दीपक शर्मा, गुरनाम मलिक पूर्व मार्किट कमेटी अध्यक्ष, मोहित एडवोकेट, जोगिंदर सैनी, वजीर ईस्हाक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

- कलाकरो ने फॉक डांस, कठपुतली और पारम्परिक कला का प्रदर्शन किया

महिला एवं बाल विकास विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

पिहोवा धर्मनगरी के सरस्वती तीर्थ के पावन तट पर 29 जनवरी से 4 फरवरी तक चलने वाले अंतर्राष्टद्वरीय सरस्वती महोत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी लगाई गई है जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अंतर्राष्टद्वरीय सरस्वती महोत्सव में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चे के जीवन को बचाने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर डायल किया जा सकता है। इस हेल्पलाइन नंबर के साथ-साथ सरकार की हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी सूचना दी जा सकती है। इन नंबरों पर सूचना मिलने के तुरंत बाद नवजात बच्चें को मिशन वात्सल्य के तहत बनाएं गए केन्द्रों में भेजा जाएगा। इन केन्द्रों पर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों को पालने में असमर्थ अभिभावक अपने नवजात बच्चों को झाडियों, डस्टबीन या अन्य सार्वजनिक असुरक्षित स्थानों पर रख देते है। इन स्थानों पर नवजात बच्चे की जिंदगी को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार ऐसे नवजात बच्चों के अभिभावक अपने नवजात बच्चों को जिले में शिशु पालन स्वागत केंद्र में रख सकते है। यहां पर जिला बाल संरक्षण यूनिट या बाल कल्याण समिति के द्वारा अपने संरक्षण में लेकर नवजात बच्चों को आगे गोद प्रक्रिया में डाल सकते है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों का प्रत्याग करने वाले संबंध में जिला बाल कल्याण संरक्षण कार्यालय के प्रथम तल कमरा नंबर 219 लघु सचिवालय व बाल कल्याण समिति कमरा नंबर 218 प्रथम तल लघु सचिवालय में सम्पर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी जनसाधारण द्वारा इस विषय की सूचना हेल्पलाइन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर तुरंत दी जा सकती है। इस सूचना के मिलते ही नवजात बच्चे की जिंदगी को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों को झाडियों, कूड़े के ढ़ेर व अन्य असुरक्षित स्थान पर ना फैंके बल्कि अस्पतालों के सामने स्थापित किए गए शिशु पालन केन्द्र में रखें। इस जिले में एलएनजेपी अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिहोवा, बाल देख रेख संस्थान कुरुक्षेत्र, ओपन सेल्टर होम में नवजात बच्चों का पालन करने की व्यवस्था की गई है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा के द्वारा पोक्सो एक्ट 2012 व किशोरी न्याय अधिनियम 2015 व योन शोषण, बाल अपराध, बाल मजदूरी कानून, बच्चों को सरकार की और से मिलने वाली फोस्टर केयर और स्पांसरशिप योजना के विषय में जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर प्रबंधिका शैलजा सैनी सखी वन स्टॉप सेंटर जिला स्तर पर चल रहे वन स्टॉप सेन्टर के बारे में पीडित महिला जैसे बलत्कार घरेलू हिंसा योन शोषण, महिला तस्करी, अपहरण से पीड़ति महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई व हरियाणा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर इन्चार्ज शैलजा सैनी, काउंसलर गुरप्रीत कौर व दीपक मित्तल उपस्थित थे।

सरस्वती का घाट बना शिल्पकला व संस्कृति का संगम

पिहोवा। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 में आने वाले पर्यटकों ने इस महोत्सव को को एक अलग पहचान देने का काम किया है। इस महोत्सव की जहां भारत ही नहीं विश्व के विभिन्न देशों में जोरदार प्रशंसा की जा रही है, वहीं इस ऐतिहासिक महोत्सव के सरस मेले में देश के कोने कोने से आए शिल्पकार तथा विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकार भी गदगद नजर आए। अहम पहलू ये है कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के दौरान सरस्वती का घाट शिल्पकला व लोक कलाकारों की संस्कृति के संगम से सरोबार हो गया। यहां इस बात का उल्लेख करना भी जरूरी है कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजामों के बीच पर्यटकों को हर प्रकार की सुविधाए उपलब्ध करवाई गई है। उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में हजारों पर्यटक सरस मेले और सांस्कृतिक लोक कला के दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ-साथ पर्यटक महोत्सव के सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी जमकर आनंद उठा रहे है। इन पर्यटकों ने जहां जमकर खरीददारी की, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी खूब लुत्फ उठाया। इतना ही नहीं पर्यटक जहां विभिन्न तरह के व्यंजनों के स्वाद को चख रहे है, वहीं मेले में लगे झूलों व अन्य मनोरंजन के साधनों का भी खूब आनंद उठा रहे है। महोत्सव में आने वाले पर्यटकों के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य प्रबंध भी किए गए है ताकि महोत्सव के दौरान किसी को कोई भी परेशानी ना आए।

व्यापारी के घर से नकदी समेत लाखों का सामान चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर स्थित एक व्यापारी के मकान में ग्रिल निकालकर घर में घुसकर चोरों ने तीन लाख रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वारदात के समय परिवार के लोग घर में ही सोए हुए थे। जानकारी के मुताबिक हुड्डा सेक्टर 17 निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात के समय वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में सोया हुआ था। सुबह लगभग छह बजे वह नींद से जागा तो देखा कि स्टोर के अंदर व कमरे के अंदर रखी अलमारियां खुली पड़ी थी। बाहर की ड्राइंग रूम की ग्रिल निकली पड़ी थी। जिसके रास्ते चोर घर के अंदर घुसे। स्टोर रूम की अलमारियां खुली पड़ी थी। उन्होंने अलमारियों में रखे सामान की जांच की तो वहां से तीन लाख रुपये नगद, पांच हजार रुपये का शादी का नोटों वाला हार, दो लाख रुपये के जेवरात समेत अन्य सामान गायब था।

शहजादपुर में बनेगा भव्य गुरु रविदास मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के बुड़िया क्षेत्र के शहजादपुर गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का भव्य मंदिर बनेगा। ग्रामीणों के सहयोग से बनने वाले इस भव्य मंदिर की शनिवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पूजन कर नींव की ईंट रखी। उन्होंने ग्रामीणों को मंदिर निर्माण में हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। गांव में बनने वाले नए गुरु रविदास मंदिर बैठने के लिए बड़ा हाल, पूजा घर, ध्वज स्थल व अन्य सुविधाएं होंगी। इससे पहले प्रभातफेरी निकाली गई।

यमुनानगर के गांव शहजादपुर में गुरु रविदास मंदिर की नींव रखते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यातिथि एवं विधायक विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, सरपंच मनमोहन सिंह, भाजपा बुड़िया मंडल अध्यक्ष अनिल बलाचौर व गांव के मौजिज लोगों ने नींव की ईंट रखकर मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने गुरु रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपना सारा जीवन धर्म प्रचार व आम जन मानस की सेवा में लगा दिया। उन्होंने कहा कि आज हर आदमी मेरा मेरा कह कर एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहा है। इसी भेदभाव को खत्म करने के लिए गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपनाएं। उनकी शिक्षाओं को जीवन में डालकर जीवन को संवारे। उन्होंने कहा कि संस्कारवान व शिक्षित समाज व राष्ट ही तरक्की कर सकता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गांव में लाखों रुपये की लागत से अंबेडकर भवनए टाइल वर्क, श्मशान घाट का पक्का रास्ता, गलियों व नालियों का निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए।

रंगदारी की रकम नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

यमुनानगर। विदेशी नंबर से काल करके कारोबारी से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ति को सुरक्षा भी उपलब्ध करवा दी गई है। जानकारी के मुताबिक गांव मंधार निवासी प्रभदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आइलेट सेंटर के अलावा कई कारोबार हैं। गत नौ जनवरी की सुबह उनके पास विदेशी नंबर से काल आई। काल करने वाले ने खुद को नोनी राणा बताया और कहा कि 50 लाख रुपये की रंगदारी चाहिए। आरोपी ने रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। उस समय उसने काल को अनदेखा कर दिया। उसी दिन शाम को साढ़े सात बजे फिर से उसी नंबर से काल आई। आरोपी ने कहा कि रकम देने के बारे में क्या सोचा है। इसके बाद गत 13 जनवरी की दोपहर को फिर से उसी नंबर से धमकी भरी काल आई। लेकिन उसने उस नंबर को ब्लाक कर दिया। लगातार धमकी मिलने के बाद वह दहशत में आ गए। परेशान होकर उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर प्रभदीप को सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है।

- पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर किया मामला दर्ज

आज रवि योग और सर्वार्थ सिद्ध योग में बसंत पंचमी का त्यौहार

कुरुक्षेत्र। माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की उपासना की जाती है। इसी उपासना के महापर्व को वसंत पंचमी कहते हैं। इस पर्व पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन लोग सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। बसंत पंचमी को वसंत पंचमी और श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस बार बसंत पंचमी 2 फरवरी, रविवार को मनाई जाएगी। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार बसंत पंचमी सर्वार्थ सिद्ध योग और रवि योग में आ रही है जिसका ज्योतिष में बहुत महत्व है। विशेष शुभ काल में से एक होने के कारण इसे अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। इसमें विवाह और निर्माण तथा अन्य सभी तरह के शुभ कार्य किए जा सकते हैं। ऋतुओं के इस संधिकाल में ज्ञान और विज्ञान दोनों का वरदान प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा संगीत, कला, आध्यात्म का आशीर्वाद भी इस काल में लिया जा सकता है। अगर कुंडली में विद्या, बुद्धि का योग नहीं है तो इस दिन विशेष पूजा करके ठीक कर सकते हैं।

बसंत पंचमी तिथि

बसंत पंचमी की पंचमी तिथि की शुरूआत 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर होगा अतः 2 फरवरी रविवार को यह पर्व मनाया जाएगा। इस दिन माँ सरस्वती की पूजा का मुहूर्त- 2 फरवरी को सुबह 7 बजकर 09 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। इस दिन पूजा के लिए सिर्फ 5 घंटे 26 मिनट का समय मिलेगा।

बसंत पंचमी पर ग्रहों के ज्योतिषीय उपाय

कुंडली में बुध कमजोर हो तो बुद्धि कमजोर हो जाती है, ऐसी दशा में अगर मां सरस्वती की उपासना हरे फल अर्पित करके करें तो लाभदायक होगा। साथ ही, अगर बृहस्पति के कमजोर होने पर विद्या प्राप्त करने में बाधा आती हैं. ऐसे में वसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण करके पीले फूल और फलों से मां सरस्वती की उपासना करें।. शुक्र कमजोर हो तो मन की चंचलता बढ़ जाती है और करियर का चुनाव भी नहीं हो पाता। ऐसी दशा में वसंत पंचमी के दिन मां की उपासना सफेद फूलों से करना लाभदायक है।

फ्री मेगा + पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
कैंसर कैंप
6* दिनों तक फ्री
3 से 8 फरवरी 2025 तक
74 96 96 50 54 | Sector-35, Suncity, Rohtak

खबर संक्षेप

सफाई कर्मियों का प्रशस्तिपत्र से सम्मान

नीलोखेड़ी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था बेहतर पाने पर सम्पूर्ण सफाई कर्मियों को शाबाशी देकर तथा प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया।इस बारे पालिका सचिव अजीत कुमार ने कहा कि शहर की स्वच्छता नगरपालिक कार्यों में अहम भूमिका निभाती है और शहर में हर आने-जाने वाले सबसे पहले इन्हीं व्यवस्थाओं कि ओर ध्यान देते हैं और इसका मुख्य श्रेय कर्मियों को ही जाता है।मौके पर लेखाकार अनिल कुमार सैनी,सफाई दारोगा सुनील कुमार,विनोद कुमार सहित सम्पूर्ण सफाई कर्मी,पालिका कर्मी मौजूद रहे।

बसंत ऋतु जीवन में आगे बढ़ने की देती है प्रेरणा

इंद्री। चौधरी भरत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैनपुर साधान में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही उमंग व खुशी के साथ मनाया गया । इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर के माता सरस्वती की पूजा अर्चना की । प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए ज्ञान की देवी मां सरस्वती की महिमा का गुणगान किया । उन्होने बसंत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस ऋतु से वातावरण में परिवर्तन के साथ-साथ मानव जीवन में भी नवजीवन का संचार होता है।

आज होगा 15 लड़कियों का विवाह समारोह

घरौंडा। शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 23 में सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर 15 लड़कियों का विवाह 2 फरवरी को कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्पीकर विधानसभा हरियाणा श्री हरविंदर कल्याण शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्री सुभाष तोमर डायरेक्टर श्री राम पौध नर्सरी रहेंगे। धीरज भाटिया ने बताया इस अवसर पर घर जरूरत का सभी सामान लड़कियों को दिया जाएगा।सभी लडके सनातम धर्म मंदिर से बेंड बाजो के साथ 15 घोड़ियों पर बैठ कर अनाज मंडी में विवाह स्थल पहुंचेंगे और धूम धाम से शादिया करवाई जाएंगी।

काम के पैसे मांगने पर पिता पुत्र को पीटा

घरौंडा। मकान में कार्य करने के पैसे लेने गए पिता पुत्र के साथ मकान मालिक द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। अग्रसेन कॉलोनी के संजीत शर्मा ने बताया कि वह ठेकेदारी करता है। पानीपत निवासी हरविंदर सिंह घरौंडा में मकान बना रहा है। उसने ठेकेदारी का कार्य किया था। उसने पैसे के लिए फोन किया। मालिक ने उसे घर बुलाया। मैं अपने पिता जगबीर को लेकर हरविंदर के घर चला गया और जब हिसाब किताब करने के बाद पैसे की मांग की तो हरविंदर में उसके लड़के ने मेरे व मेरे पिताजी के साथ मारपीट की।

शहर के स्कूल कालेजों में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

बसंत का त्योहार नई ऊर्जा और सकारात्मकता लाता है : गुरशरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में बसंत पंचमी का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय में विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती का हवन पूजन कर उन्हें नमन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ विभा कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अभिभावक और विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के बाद सरस्वती वंदना से हुई। इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों व अन्य वक्ताओं ने कहा कि इस दिन विद्या की देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन देवी सरस्वती ने अवतरित होकर अपनी वीणा का मधुर नाद किया था, जिससे संसार के समस्त प्राणियों को वाणी प्राप्त हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचमी न केवल एक धार्मिक त्योहार है, बल्कि यह छात्रों के लिए एक विशेष दिन होता है जब वे अपनी शिक्षा और ज्ञान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। इस दिन हम देवी सरस्वती की पूजा करते हैं जो शिक्षा, कला और संगीत की देवी मानी जाती हैं। खासकर छात्रों के लिए यह दिन बेहद खास होता है, क्योंकि वे इस अवसर पर अपने ज्ञान को निखारने और नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस कार्य की सभी उपस्थित अभिभावकों ने जमकर सराहना की और सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आज हम यहाँ बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं। बसंत पंचमी का पर्व हमें न केवल मौसम के बदलाव का अहसास कराता है, बल्कि यह ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का दिन भी है। इस दिन को हम अपनी चेतना को जागृत करने, नई शुरुआत करने और जीवन में सकारात्मकता लाने के रूप में मानते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि ज्ञान का महत्व सबसे अधिक है, और यह हमें समाज में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने पूर्णाहुति देकर प्रसाद ग्रहण किया।

तरावड़ी। स्कूल के कार्यक्रम मे हवन यज्ञ करते प्रबंधक गुरशरण ग्रेवाल, डॉ विभा कौशिक व स्कूल स्टाफ और बच्चे।

गीता मॉडर्न बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

तरावड़ी। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। विद्यालय में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का हुए । जिसमें बच्चों ने बढ़चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ मे प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों और बच्चों सहित माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्जवलित करके पुष्प अर्पित किए। बच्चों ने मधुर ध्वनि में सरस्वती वंदना की। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में बच्चों ने सुंदर नृत्य ,लोकगीत व कविताएं प्रस्तुत की। बच्चे आकर्षक पीले परिधानों में विद्यालय पहुंचे । पतंग बनाओ और पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने सभी को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है जिसका मुख्य लक्ष्य विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है।

केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट निराशाजनक : ललित बुटाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- बजट में युवाओं और किसानों का नहीं रखा गया कोई ख्याल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट ने आम जनता को निराश ओर परेशान करने का काम किया है। इस बजट में युवाओं और किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया। बजट में कहीं भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रावधान नही किया गया है, पूर्ण रूप से यह बजट किसान विरोधी है। इस बजट में केवल मात्र एक प्रतिशत आयकर दाताओं को कुछ रियायत देने का काम किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय बजट में अमीर लोगों को कुछ राहत दी गई है जबकि आम जनता का कोई ख्याल नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में ना तो जीएसटी की दरों में कटौती की गई और ना ही वैट में कोई कमी की गई है। किसानों के प्रयोग में आने वाले खाद, पेस्टीसाइड और कृषि यंत्रों पर लगे टैक्स में भी कोई कमी नहीं की गई है। केंद्रीय बजट ने आम जनता को निराश और परेशान करने का काम किया है।

किसानों को और कर्जदार बनाने वाला है बजट

करनाल। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूदा बजट ने किसानों को और कर्जदार बनाने वाला है। जिसकों लेकर देशभर के किसानों में निराशा का माहौल है। मान ने कहा कि किसानों को मोदी सरकार से बजट में एमएसपी पर खरीद गांरटी का कानून बनाए जाने की पूरी उम्मीद थी। लेकिन किसानों के हाथ बिल्कुल खाली रह गए है। कर्ज की सीमा में बढ़ौतरी करने से किसानों में आत्महत्याएं करने के मामलों में और बढ़ौतरी होगी।

बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं : मैहला

करनाल। केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को जारी किए गए बजट को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने किसानों के खिलाफ बताते हुए सरकार की कड़ी आलोचना की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों की आय दोगुणी करने का जो वादा किया था उसे पूरा करने की दिशा में आज तक कोई प्रयास नहीं किए गए। इसके विपरीत सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की, जिससे किसानों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि देशभर के किसान एमएसपी गारंटी कानून की मांग कर रहे हैं।

संगीत है हमारे मानसिक स्वास्थ्य की रामबाण दवा : किरन चड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

चाहत कराओके एकेडमी द्वारा कल रविवार 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे स्थानीय अटल पार्क में म्यूजिक का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कोई भी प्रतिभागी अपनी गीत संगीत एवं डांस की निशुल्क प्रस्तुति का प्रदर्शन कर सकता है। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चाहत कराओके एकेडमी द्वारा मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक विनोद वर्मा ने बताया कि चाहत कराओके एकेडमी का मुख्य उद्देश्य उभरते कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच पर प्रस्तुति देना है। चाहत कराओके एकेडमी की टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने कहा कि तनाव, बेचैनी, अकेलापन दूर करने में संगीत सुनने से बड़ी कोई कारगर दवा नहीं हैं। संगीत हमें एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। सब कुछ भूल कर हम संगीत की दुनियां में समा जाते हैं। यह अवस्था हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए रामबाण है। शोध बताते हैं कि जो बच्चे संगीत सुनते हैं उनका बौद्धिक विकास अच्छा होता हैं। संगीत में भावनात्मक और मानसिक रूप से स्वस्थ करने के बहुत अच्छे गुण होते हैं। संगीत ध्यान का एक रूप है। संगीत बनाते या सुनते समय व्यक्ति अपनी सारी चिंताएँ, दुख और दर्द भूल जाता है। लेकिन, अच्छे संगीत की सराहना करने के लिए हमें अपने संगीत के स्वाद को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संगीत प्रेमियों से आग्रह किया कि आप सभी इस कार्यक्रम में आकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने मन में छुपे भावों को नई दिशा देने का काम करें।

जानकारी देती हुईं चाहत कराओ के एकेडमी की टीम मैनेजर किरण चड्ढा।

जेसीआई भारत और दुनिया भर में युवा लोगों का एक बढ़ता हुआ संगठन : निधि गर्ग

- कहा : युवा आने वाले समय में दुनिया को आकार देने वाले नेताओं के रूप में विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से एक निजी होटल में संस्था के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की राष्ट्रीय प्रशिक्षक जेसी निधि गर्ग तथा जोन-10 के उपप्रधान जेसी अंकित मित्तल ने सदस्यों को ट्रेनिंग दी। खासतौर पर नेतृत्व क्षमता में वृद्धि करने के टिप्स दिए। इस मौके पर जेसी निधि गर्ग ने कहा कि जेसीआई भारत और दुनिया भर में युवा लोगों का एक बढ़ता हुआ संगठन है। युवा लोग जो आने वाले समय में दुनिया को आकार देने वाले नेताओं के रूप में विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जेसीआई ऐसे अवसर प्रदान करता है जो अपने सदस्यों को ऐसे नेताओं के रूप में विकसित होने के लिए सशक्त बनाते हैं जो अपने आस-पास के समुदायों में सक्रिय होते हैं। जेसी अंकित मित्तल ने कहा कि जेसीआई पूरी दुनिया में कार्य कर रहा है। समाज के वंचित तबके को भी मुख्य धारा से जोडऩे का प्रयास संस्था लगातार कर रही है। जेसीआई की खास बात है कि इसके सदस्य निजी स्तर पर भी लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक जेसी अरविंद वैद व जेसी नीरज चावला रहे। जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन को और सशक्त बनाना और सदस्यों के नेतृत्व कौशल में वृद्धि करना है, ताकि जेसीआई के सदस्य समाज के प्रति अपने दायित्वों को और बेहतर तरीके से निभा सकें। कार्यक्रम में जेसी अजीत बंसल, जेसी भरत गुप्ता, जेसी राजीव पंवार, जेसी मुकेश बंसल, जेसी विश्वास भुटानी, जेसी नीरज सिंगला आदि मौजूद रहे।

करनाल। जेसीआई करनाल गोल्ड के सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

करनाल। डीएवी पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

बच्चों ने मनाई बसंत पंचमी, पीली पोशाक पहन किया नृत्य

करनाल। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर नौ में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में बढ़ -चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ की गई। इसके बाद बच्चों ने पीली-पीली सरसों फूले, सरस्वती वंदना आदि गीतों पर नृत्य किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषाओं में सजकर नृत्य किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चे पीली पोशाक पहने ऐसे लग रहे थे मानो सरसों के खेत लहरा रहे हो। अंत में बच्चों ने पतंग उड़ाने का लुत्फ भी उठाया। इस मौके पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका अंजना पांडे ने बसंत पंचमी के पर्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता सरस्वती की पूजा करने से व्यक्ति को ज्ञान, बुद्धि, विद्या और कला में सफलता प्राप्त होती है।

युवक की निर्मम हत्या, दोस्तों पर शव नहर में फेंकने का आरोप

- परिजन बोले : पुलिस कर रही है अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुरूक्षेत्र के एक युवक की हत्या कर उसके शव को करनाल के नजदीक रंभा नहर में फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने इस हत्याकांड के लिए उसके दोस्तों को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि कुछ संदिग्धों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी कर दिया है, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। परिजन प्रशासन की निष्क्रियता से आक्रोशित हैं और उनका कहना है कि अगर पुलिस सहयोग नहीं करेगी, तो वे खुद ही सर्च ऑपरेशन करेंगे। जब कृष्ण का कोई पता नहीं चला, तो 31 जनवरी को परिवार ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई। उसी शाम परिजनों को सीआईए-2 कुरुक्षेत्र से फोन आया, जिसमें बताया गया कि कृष्ण की हत्या कर दी गई है और शव को करनाल की रंभा नहर में फेंक दिया गया है। सीआईए की सूचना के बाद परिजन रंभा नहर पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस की ओर से कोई सहायता नहीं दी जा रही। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुलिस को आरोपियों ने पूरी जानकारी दी है तो फिर पुलिस कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? परिजनों ने कहा कि अगर पुलिस मदद नहीं करती, तो वे खुद ही नहर में सर्च ऑपरेशन चलाकर शव की तलाश करेंगे।

29 जनवरी की रात को बुलाया, फिर नहीं लौटा

मृतक के मामा ने बताया कि 29 जनवरी को कृष्ण को उसके दोस्तों ने फोन करके बुलाया था। घर से निकलने के महज आधे घंटे बाद ही उसका फोन बंद हो गया। परिजनों को लगा कि वह दोस्तों के साथ कहीं व्यस्त होगा, लेकिन जब पूरी रात गुजर गई और घर नहीं लौटा, तो चिंता बढ़ गई। अगले दिन उसकी तलाश शुरू की, लेकिन किसी दोस्त से कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि कृष्ण के जिन दोस्तों के साथ जाने की बात थी, उनके घर गए, लेकिन वहां जवाब मिला कि पूरा परिवार वैष्णो देवी गया हुआ है। एक अन्य दोस्त, जो चिढ़ाव गांव का रहने वाला था, उसके घर पहुंचे तो वह भी फरार मिला।

प्रभातफेरी में भोले के भजन गाते भजन गायक। *फोटो : हरिभूमि*

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों में उत्साह: मनोचा

करनाल। शिव प्रभात फेरी मंच की ओर से निकाली जा रही प्रभातफेरी का शनिवार को सेक्टर 13 में जोरदार स्वागत किया। लोगों ने भगवान शिव शंकर को पुष्प अर्पित किए। जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी गई। महिलाओं ने परिवार के साथ भोलेनाथ की आरती की। हर हर महादेव के जयकारों से सेक्टर गूंज उठा। प्रभातफेरी मनोज मल्होत्रा के निवास से शुरू हुई और भरत सचदेवा के निवास पर विश्राम लिया गया। भजन मंडली ने भोलेनाथ को रिझाने के लिए मधुर आवाज में भावपूर्ण भजन गाए। इस मौके पर मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पर्व के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए नियमित भोलेनाथ का सिमरण करेंगे। इसी में जीवन की सार्थकता है। उन्होंने बताया कि मंच की ओर से समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिनमें रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व पौधारोपण करना आदि शामिल हैं। प्रभातफेरी में प्रमोद नागपाल, सुनील मदान, राजेश कुमार, प्रवीण सचदेवा, सुरिंद्र पाल, धर्मेंद्र चावला, अनिल छाबड़ा, विनोद गुप्ता, राजू भुटानी, राजू डोडा, प्रमोद सपरा, गोपाल व वीना सेठ आदि शामिल रहे।

अब 14 जून 2025 तक नि:शुल्क अपडेट करवाएं आधार कार्ड: डीसी

- 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि 14 जून 2025 कर दी गई है। अब 14 जून 2025 तक आधार कार्ड को निःशुल्क अपडेट करवाया जा सकता है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है। डी.सी ने बताया कि आधार कार्ड मुफ्त में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 जून 2025 तक बढ़ा दी गई है। आधार की जानकारी मुफ्त में अपडेट करने की सुविधा सिर्फ यूआईडीआई के ऑनलाइन पोर्टल पर ही उपलब्ध है। अपनी पहचान और पते के दस्तावेज पर अपने आधार नंबर से लॉग इन करके अपडेट कर सकते हैं। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। डी.सी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं करवाया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े।

आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल देना जरूरी

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि आधार सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल देना जरूरी है। अगर किसी नागरिक ने अभी तक अपने आधार में मोबाइल नंबर और ईमेल नहीं जोड़ा है, या फिर किसी नागरिक के मौजूदा आधार में मोबाइल नंबर या ईमेल बदल गया है, तो वे इसे नजदीकी अक्षय आधार केंद्र के जरिए अपडेट कर सकते हैं। नवजात शिशुओं का भी बनवाएं आधार कार्ड, बच्चों का बायोमेट्रिक पाँच साल और 15 साल की उम्र में जरूर करवाएं अपडेट : उत्तम सिंह डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि नवजात शिशुओं का भी आधार कार्ड बनवाना चाहिए। पांच साल से कम उम्र के बच्चों के आधार के लिए बायोमेट्रिक जानकारी नहीं ली जाती।

प्रत्येक छात्रा को भेंट किया गया 25 हजार रुपये का चैक

दस छात्राओं को मिला कल्पना चावला अवार्ड

- कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा लेकर करें देश का नाम रोशन : रेनू बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतरिक्ष परी एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा स्व. डा. कल्पना चावला की 22वीं पुण्य तिथि के अवसर पर टैगोर बाल निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, करनाल के प्रांगण में श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व महापौर रेनू बाला गुप्ता, चेयरपर्सन मेघा भण्डारी, चेयरपर्सन, हरियाणा वैलफेयर सोसाइटी फॉर पर्सनस विद स्पीच एण्ड हियरिंग इम्पेयरमैंट रहीं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्व. डा. कल्पना चावला को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 10 छात्राओं को कल्पना चावला अवार्ड के रूप में प्रत्येक छात्रा को 25,000 रूपए की राशि का चैक प्रदान किए गए। इस अवसर पर इन छात्राओं के अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रेनू बाला गुप्ता ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ-साथ समाज का हित सर्वोपरि रहना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कल्पना चावला पुरस्कार से सभी 10 छात्राओं को अपने कर-कमलों से सम्मानित किया और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मेघा भण्डारी, चेयरपर्सन, हरियाणा वैलफेयर सोसाइटी फॉर पर्सनस विद स्पीच एण्ड हियरिंग इम्पेयरमैंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दे रही हैं। इस वर्ष कल्पना चावला पुरस्कार छात्राओं के नाम जिनमें समायरा, जिया, जैसमीन, काव्या, रीतिका, लक्षिता संधु, चाहत शर्मा, श्रुति, आरूण्या पंवार, इश्ति चौहान रहे।

करनाल। विद्यार्थियों को सम्मानित करती हुई मुख्यातिथि रेनू बाला गुप्ता।

मेधावी छात्राओं को उतकृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

डा. राजन लाम्बा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह पुरस्कार रूपा एंड कम्पनी, दिल्ली (एन.डी. मेहरा मैमोरियल फाउण्डेशन, दिल्ली) की तरफ से स्व. डा. कल्पना चावला की पुण्य तिथि पर विद्यालय की मेधावी छात्राओं को उनके शिक्षा एवं अन्य सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रषासक करन रहेजा, गणमान्य व्यक्ति, समस्त स्टॉफ, सम्मानित छात्राओं के अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

गन प्वाइंट पर रास्ता रोका कर ड्राइवर को पीटा

समालखा। समालखा में इको ड्राइवर सन्नी निवासी गांव आटा का गन प्वाइंट पर रास्ता रोका कर उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोपियों ने सन्नी पर बर्फ तोडने वाले सुएं व कीलें लगे डंडी से पीटा। सन्नी अस्पताल में उपचाराधीन है। वहीं समालखा थाना पुलिस ने सन्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

170 की आंखों का आप्रेशन करवाए

पानीपत। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा चलाए गए नेत्र जांच अभियान के तहत 170 लोगों के आंखों के ऑप्रेशन करवाए गए। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान रविंद्र जैन ने बताया कि यह ऑपरेशन गांधी मंडी शिवनगर स्थित एमके जैन हॉस्पिटल में करवाए गए। उन्होंने बताया कि यह अभियान अभी भी जारी है। यदि किसी जरूरतमंद का आंखों का ऑपरेशन होना है तो उसके लिए लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर तैयार है। जरूरतमंद अपनी आंखों की जांच करवा कर ऑपरेशन करवा सकता है।

महापुरूषों को श्रद्धांजलि दी

पानीपत। आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में हैजे की दवाई बनाने वाले वैज्ञानिक शंभू नाथ डे की जयंती और अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, ओम दत्त आर्य, डीपीई आशा अरोड़ा, नीतू चौधरी, सोनिका व रेखा रानी आदि उपस्थित रहे।

इंग्लिश डेकलामेशन आयोजित

पानीपत। एमएएसडी पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय इंग्लिश डेकलामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चें अपने मन के विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए और अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बनाए रखने के लिए एमएएसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

स्कूल में वसंत पंचमी पर्व बनाया

इसराना। पानीपत के गांव सींक स्थित इंडोलॉजी पब्लिक सीसे स्कूल में वसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना का पाठ किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के निर्देशक रोहित हुड्डा ने बताया कि वसंत पंचमी का दिन ज्ञान,वाणी और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए समर्पित माना जाता है।

दो दुकानों से नगदी चोरी, केस दर्ज

इसराना। गांव इसराना में गुरुद्वारे के सामने स्थित मार्केट में राजेश की दुकान से चोरों ने 13 हजार रुपये की चोरी कर ली। दुकान के मालिक राकेश की शिकायत पर थाना इसराना ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, चोरी की इस घटना से इस क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की वंदना की

पानीपत। पानीपत के तहसील कैम्प के कृष्ण नगर स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती माता की वंदना की गई। अध्यापिका रमनदीप ने कहा कि बसंत पंचमी पर विद्या की देवी माता सरस्वती व भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन माता सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। अध्यापक गगन छाबड़ा ने भजन के माध्यम से सरस्वती माता को नमन किया। अनन्या एंड ग्रुप ने रुत आ गई रे गाने पर प्रस्तुति दी।

एसडी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय बसंत आयो रे उत्सव का रंगारंग समापन

नई चेतना व बेहतर जीवन का आश्वासन है बसंत पंचमी पर्व

- बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ, बसंत पंचमी पर्व पर नृत्य करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में दो दिवसीय 'वसंत आयो रे' उत्सव के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी के त्यौहार को रंगारंग तरीके से समापन किया। दूसरे दिन पतंग उड़ाना, पतंग बनाना एवं सजाना, पीली वेशभूषा में नृत्य, काव्य पाठ और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन को महिला प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी, सोशल साइंस एसोसिएशन, एनएसएस और पर्यावरण बचाओ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा की अगुआई में विद्यार्थियों ने सबसे पहले सरस्वती बंदना के माध्यम से मां सरस्वती की पूजा की और गायत्री मन्त्र गाकर सभी की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रमों में प्रो अन्नू आहूजा, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. मोनिका खुराना, प्रो. तन्नु मेहता, प्रो निधि ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। प्रथम आने वाले विजेताओं को पांच सौ रुपये, द्वितीय को तीन सौ रूपये, तृतीय को दो सौ रुपये इनाम में दिए गए। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स से नवाजा गया। पतंग बनाने और उड़ाने में विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया। वहीं, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है । मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। हर दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है। यों तो माघ का यह पूरा मास ही उत्साह देने वाला है परन्तु बसंत पंचमी का पर्व भारतीय जनजीवन को अनेक तरह से प्रभावित करता है। प्राचीनकाल से इसे ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है। जो शिक्षाविद भारत और भारतीयता से प्रेम करते हैं वे इस दिन मां शारदे की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं। इधर, सिम्पी, मोहित, मधु, पिंकी, स्नेहा, राज, श्रद्धा, मानिया विजेता रही।

पानीपत। डीपीएस पानीपत सिटी में विदाई समारोह में टीचर्स के साथ स्टूडेंटस ।

विद्यार्थियों का विद्यालय में पधारने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शुभमस्तु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहणी दहिया कोऑर्डिनेटर आभा विषाद, पूनम नेगी, प्रशासिका सोनिया तोमर, मुख्याध्यापिका डीपीएस जूनियर अंसल सरिता विज एवं सभी अध्यापकगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का विद्यालय में पधारने पर तिलक लगाकर एवं चॉकलेट देकर स्वागत किया। तत्पश्चात 11वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे संगीत, नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी। इसके अतिरिक्त रैंप वॉक तथा म्यूजिकल चेयर का भी आयोजन किया गया। वहीं, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, आभा विषाद, पूनम नेगी एवं सरिता विज ने की। इस समारोह में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न खिताबों से भी सम्मानित किया गया। इसमें प्रभात एवं हितांशी को मिस्टर एंड मिस डी पी एस पानीपत सिटी ,चांद एवं मानसी को मिस्टर एंड मिस वर्सेटाइल, शिवम को मिस्टर अजाइल, टिवंकल एवं अपर्णा को मिस्टर एवं मिस कंजेनियलिटी, सरिता को मिस ब्यूटीफुल हेयर, वीर और नुपुर को बेस्ट ड्रेस्ड, फ़ाहद और नुपुर को मिस्टर एवं मिस फॉलो मी केशव और कनिष्का को मिस्टर एवं मिस कॉन्सर आदि कई खिताबों से सम्मानित किया गया।

चालान का भुगतान न करने पर पुलिस सख्त

- पुलिस चलाएगी आरोपियों के खिलाफ अभियान, वाहन को किया जा सकता है डिटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीएसपी सुरेश सैनी।

- चालान कटने के बाद भुगतान करना अनिवार्य

पानीपत ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी सुरेश सैनी ने वाहन चालकों को अहम जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मोटर व्हीकल रूल के अनुसार वाहन के चालान का भुगतान करना अनिवार्य है। जबकी काफी लोग चालान कटने के बाद उसे लंबे समय तक नजरअंदाज करते है। अगर कोई वाहन चालक चालान का भूगतान नहीं करता है तो केंद्रीय मोटर व्हीकल रूल के अनुसार उसका वाहन डिटेन किया जा सकता है।

10 फरवरी से पहले चालान का भुगतान करें

उन्होंने कहा कि चालान कटने के बाद काफी सारे लोग जानबूझकर इसे नहीं भरते। ऐसे वाहन चालकों को अब परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी यात्रा के दौरान कही भी व्हीकल को रोककर डिटेन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल के अनुसार चालान कटने के बाद भुगतान करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति निर्धारित समय अवधी के भीतर चालान नहीं भरता है तो ट्रैफिक पुलिस उस वाहन को डिटेन कर सकती है। यह कदम चालान प्रक्रिया को समयबद्ध और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा लोगों को अभी इसकी जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने वाहन का चालान कटने के बाद लंबे समय से उसका जानबूझकर भूगतान नहीं किया है वह 10 फरवरी से पहले चालान का भुगतान करें। भुगतान न करने की सूरत में उक्त समय अवधि के बाद वाहन को डिटेन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल चालान से बचना नहीं, बल्कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है।

जरूरतमंद बच्चों को जूते और पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय स्कूल निजामपुर में अपने टीचर्स के साथ विद्यार्थी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में जरूरतमंद बच्चों को जूते व पाठ्य सामग्री बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी रतन सिंह नलवा ने की। इसके अतिरिक्त विद्यालय के स्टाफ सदस्य सुमित्रा और हितेश भार्गव द्वारा बच्चों को जूते वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त सुबह प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह किया गया। वहीं, आर्यन ने डिजास्टर मैनेजमेंट पोस्टर मेकिंग में जिले में प्रथम स्थान, स्किट में कक्षा 6 से 8 के बच्चों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने जिले का नाम रोशन किया है। शिक्षा विभाग की ओर से विजेता छात्रों को प्रशंसा पत्र और एक हजार की राशि इनाम स्वरूप दी गई तथा विद्यालय परिवार की ओर से विजेता छात्रों को स्टेशनरी का सामान इनाम स्वरूप दिया गया।

नशे में धुत्त युवक ने पुलिस की पीसीआर क्षतिग्रस्त की

- मकानों पर ईंटें बरसाई, लोगों के साथ मारपीट की, केस दर्ज, गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी में नशे में धुत्त सन्नी नामक युवक ने कॉलोनी में जमकर हंगामा किया, मकानों में ईंट बरसाई, लोगों से मारपीट की। जब यहां पुलिस आई तो युवक ने पुलिस की डायल 112 गाड़ी पर भी ईंट से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में सब इंस्पेक्टर राजबीर ने बताया कि वह तहसील कैंप की ईआरवी 555 पर तैनात है। 31 जनवरी की सुबह करीब 11:45 बजे एक सूचना प्राप्त हुई। कंट्रोल रूम नंबर पर कॉल करने वाले ने बताया कि वह दीनानाथ कॉलोनी से बात कर रहा है। यहां एक शराबी किस्म का व्यक्ति नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पहुंचने पर देखा कि एक गली निर्माणाधीन है और वहां जगह-जगह गड्ढे हैं।

बीज व्यापारी के साथ नौ लाख की ठगी

कोर्ट के आदेश पर थाना हूडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव बबैल निवासी बीज व्यापारी देवेंद्र के साथ राजस्थान के चार लोगों ने 9 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने देवेंद्र की सुनवाई नहीं की तो वह न्याय के लिए कोर्ट में चला गया। कोर्ट के आदेश पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। वहीं, देवेंद्र ने बताया कि गत वर्ष अप्रैल में उसने फेसबुक पर किशनराम निवासी गुगड़ी, जिला बाड़मेर, राजस्थान का विज्ञापन देखा। जिसमें वर्ष 2023 की फॉर्च्यूनर कार बेचने की जानकारी थी। विज्ञापन देखकर उसने संपर्क किया तो उसने बताया कि गाड़ी का असली मालिक किशोर कुमार निवासी बाड़मेर, राजस्थान है। कार बेचने का कारण बताया कि वह गाड़ी की किस्त नहीं भर सकते हैं, इसलिए वे बेचना चाहते हैं। गाड़ी का सौदा 9 लाख रुपए में तय हुआ। उन्होंने गाड़ी की किस्त 71 हजार 919 रुपये बताई। पैसे लेने के बाद भी गाड़ी वापस लेने का दबाव बनाया गाड़ी देने के कुछ समय बाद आरोपियों ने गाड़ी की किस्त बढ़वा कर 99 हजार रुपये करवा दी।

पुलिस पर लगाया आरोपियों से साठगांठ का आरोप

जिस कीमत को आरोपी अपने खातों में लेते रहे। अब किस्ते भी समय पर जाने लगी, तो आरोपियों ने उस पर गाड़ी वापस देने का दबाव बनाया। गाड़ी वापस न देने की स्थिति में आरोपी उसके घर पहुंच गए। देवेंद्र का आरोप है कि मामला सेक्टर 13-17 थाना पुलिस तक पहुंचा, तो यहां पुलिस ने आरोपियों से साठगांठ की। पुलिस ने उसी को धमकाया कि वह गाड़ी वापस कर दें, नहीं तो उस पर धोखाधड़ी का केस दर्ज होगा और उसे गिरफ्तार करना पड़ेगा। इधर, पुलिस ने अब इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

निजीकरण के विरोध में एसकेएस ने ज्ञापन दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में शिक्षा मंत्री के भाई हरपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हुए एसकेएस के कर्मचारी ।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले जिला के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अनुपस्थिति में उनके भाई हरपाल ढांडा व विधायक प्रमोद विज को ज्ञापन सौंपा। जिसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी ने व संचालन सचिव शिव कुमार ने किया। प्रधान अमरीश त्यागी ने कहा कि सरकार को कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए और हरियाणा के कर्मचारियों के हित के लिए हरियाणा वेतन आयोग का गठन अलग से करना चाहिए व पुरानी पेंशन नीति को लागू करना चाहिए। इस अवसर पर नीरज, रामकुमार, अमरजीत, राममेहर, नरेश, चरण सिंह, राजन, कृष्ण बागड़ी, नरेंद्र हुड्डा, सत्येंद्र पूनिया व दलेल शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सूर्योदय की पहली किरण के साथ 12 दिवसीय चतुर्वेद परायण महायज्ञ का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वेद विद्या शोध संस्थान के तत्वावधान में 12 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का प्रारंभ शनिवार को हुआ। इस दौरान ब्रह्म सरोवर के योग भवन प्रांगण में सूर्योदय की पहली किरण के साथ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र ने भाग लिया। यज्ञ समारोह में स्पीकर ने घी के साथ आहुतियां दी और अपने संबोधन में कहा कि वेदों के रास्ते पर चलना एक महान कार्य है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने पूरी दुनिया को वेदों के रास्ते पर चलने का जो आह्वान किया था। यदि हम सब उन पर चले तो उनका चिंतन और विचार पूरी दुनिया के काम आ सकता है।

कुरुक्षेत्र। यज्ञ में आहुति डालते स्पीकर हरविंद्र कल्याण व उन्हें सम्मानित करते स्वामी संपूणार्नंद सरस्वती।

आईबी कॉलेज का हर घर योग 21 दिवसीय ऑनलाइन योग अभ्यास अभियान संपंन

योग करने से निरोगी रहता है मानव शरीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। आईबी कॉजे की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ विद्यार्थी।

आईबी कॉलेज के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने हर घर योग 21 दिवसीय ऑनलाइन योग अभ्यास अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस योग प्रशिक्षण का नेतृत्व जाने-माने योग प्रशिक्षक सौरभ बोथरा ने किया, जो आईआईटी स्नातक होने के साथ-साथ एक प्रमाणित योग प्रशिक्षक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक भी हैं। इस ऑनलाइन योग शिविर में कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित रूप से योगाभ्यास किया। पूरे 21 दिनों तक स्वयंसेवकों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ मिला। कार्यक्रम के सफल समापन पर स्वयंसेवकों को एनएसएस, यूटीडी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा, ₹योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है बल्कि मानसिक शांति और अनुशासन भी प्रदान करता है। इस 21 दिवसीय योग अभ्यास में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि वे अपने स्वास्थ्य और आत्मविकास के प्रति सजग हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू आदि उपस्थित रहे।

नशे में धुत्त चार युवकों ने बाइपास पर जाम लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में गांव गढी सिकंदरपुर के सामने रिफाइनरी बाइपास पर नशे में धुत्त कार सवार चार युवकों की रॉग साइड में आकर सिविल अस्पताल की एंबुलेंस के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया। इतना ही नहीं, कार सवार युवक गाड़ी से बाहर आकर एंबुलेंस को ही हटाने का इशारा करते रहे, लेकिन अपनी गाड़ी पीछे नहीं हटाई। जिस वजह से सड़क पर लंबा जाम भी लग गया। जब कार चालकों ने गाड़ी नहीं हटाई तो एंबुलेंस चालक ने युवकों का वीडियो बनाना शुरू किया तो युवक एंबुलेंस की तरफ मारपीट करने की इरादे से आगे बढ़ने लगे। इसी दौरान एंबुलेंस में मौजूद इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने एंबुलेंस का शीशा ऊपर करके गाड़ी लॉक कर ली। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की। पुलिस की जांच में गाड़ी करनाल के कोहंड निवासी व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड मिली है। जबकि एंबुलेंस में मौजूद जच्चा-बच्चा और उनके परिजन सवार थे। इधर, जब जाम में फंसें वाहन चालक घटनास्थल पर एकत्र होने लगे तो चोरों युवक अपनी कार में सवार होकर फरार हो गए।

खबर संक्षेप

बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बराड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्लूएसएन) बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बराड़ा प्रमोद कुमार के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या मंजू बाला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रभातफेरी से हुई शिविर की शुरूआत

बराड़ा। महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रभात फेरी, योग और शारीरिक अभ्यासों के साथ हुई। यह शिविर एम.एम. (डी.यू.) एनएसएस सैल के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आदेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनुज मलिक, रमेश चंद, सिमरजीत कौर, सुमन खन्ना, डॉ. सुमन गुलिया सहित अन्य विश्वविद्यालयों के प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ. अनुपम दलाल और डॉ. मानसी अरोरा (गुरुग्राम यूनिवर्सिटी) का मार्गदर्शन मिल रहा है।

छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

नारायणगढ। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या खुशीला के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत चल रही सात दिवसीय मार्शल आर्ट कार्यशाला के चौथे दिन ताइक्वांडो प्रशिक्षक नवीन कोहली ने छात्राओं को किक, नी अटैक, ब्लॉकिंग ओर डिफेंस आदि के तरीकों का प्रदर्शन कर दुश्मन पर काबू पाने के गुर सिखाए।एनसीसी छात्राओं ने भी इस कार्यशाला में अपनी भरपूर भागीदारी दिखाई। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से सभी छात्राओं को बहुत लाभ होता है।

नशा परिवार व समाज के लिए खतरनाक

नारायणगढ़। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूरेवाला में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नशा मुक्ति तथा 112 आपातकालीन सेवा की अहमियत और दुर्गा शक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। दुर्गा शक्ति महिला इंचार्ज अंजू रानी ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी घातक होता है।

धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

अंबाला। थाना पड़ाव में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी ऋषि को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सैक्टर 34 के रहन वाले राजिंद्र कुमार ने 22 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च 2023 से 10 जून 2024 के दौरान आरोपी ऋषि व अन्य ने उसे झूठे केस में फंसाने व डर दिखाकर उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

केंद्रीय बजट से झलक रही विकसित राष्ट्र की प्रतिबद्धता

भाजपाइयों ने बजट की जमकर सराहना की, कहा, देश को आर्थिक तौर पर मिलेगी मजबूती

- बजट से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हर नागरिक को फायदा होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की खूब सराहना हो रही है। इसे प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याणकारी बताया है। खासकर भाजपा नेताओं इस बजट को जनहित में करार दिया है। उनका कहना है कि इस बजट से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश के हर नागरिक को भी फायदा होगा।

हर वर्ग का होगा विकास

विधानसभा संयोजक अश्वनी अग्रवाल शहजादपुर ने कहा कि हर वर्ग की बेहतरी के लिए आम बजट में योजनाबद्ध तरीके से फंड की व्यवस्था की गई है, ताकि देश के प्रत्येक वर्ग का समुचित विकास हो सके। उन्होंने वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट को गरीब, युवा, किसान और महिलाओं आदि वर्गो को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें मजबूत करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा नागरिकों को 12 लाख रुपए तक की आमदनी में आयकर छूट से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने का काम किया है।

मध्यम वर्ग को फायदा

भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष मनीष बंसल ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में 12 लाख रूपये तक कोई टैक्स नहीं देने की जो बड़ी घोषणा की गई है, उसका सबसे अधिक लाभ मध्यम वर्ग को मिलेगा। उन्होने कहा कि आम बजट आमजन की बेहतरी, विकास को गति देने वाला और मध्यम वर्ग की क्षमता बढ़ाने की दिशा में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत, सशक्त भारत के संकल्प की झलक नजर आती है।

सभी वर्ग का ख्याल



लाभार्थी योजना के जिला संयोजक सुरेंद्र राणा बड़ी बस्सी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसको गरीब एवं मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की घोषणा से देशभर के किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, खासकर उन 100 जिलों के लिए, जहां कृषि उत्पादन कम है और किसान आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

विकसित राष्ट्र की झलक

भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है। इसमें एक विकसित राष्ट्र की प्रतिबद्धता झलकती है। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरदर्शी और समावेशी है, जो समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र की जरूरतों का ध्यान रखता है। इससे आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कल्याणकारी बजट के लिए पीएम मोदी तथा वित्त मंत्री का आभार जताया।

गाड़ी संख्या 14432 के तंदवाल स्टेशन पर ठहराव का आग्रह

बराड़ा। तंदवाल रेलवे स्टेशन से यमुनानगर को जाने वाली ट्रेन न होने के कारण दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। तंदवाल रेलवे स्टेशन से अंबाला को जाने के लिए तो सुबह के समय दो ट्रेनें है लेकिन सुबह के समय यमुनानगर जाने के लिए एक भी ट्रेन नहीं है जिससे गांव तंदवाल ही नहीं आस-पास के गांव के लोग भी परेशान है। अगर यहां से किसी को यमुनानगर जाना पड़ जाए तो तंदवाल से यमुनानगर जाने के लिए एक ही ट्रेन है जोकि दोपहर के वक्त सवा एक बजे आती है। ऐसे में मजूबरी में ग्रामीणों को बराड़ा में जाकर यमुनानगर जाने वाली ट्रेन को पकडऩा पड़ रहा है। ग्रामीणों ने रेल विभाग से कालका-दिल्ली गाड़ी संख्या 14332 का तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग की है।

2.67 करोड़ रुपये होंगे खर्च

रामपुर-सरसेहड़ी से जगाधरी रोड तक टांगरी नदी का बांध होगा पक्का-ऊंचा

परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज बोले टांगरी नदी के पानी की एक बूंद भी रिहायशी कॉलोनियों में नहीं होगी दाखिल, शिलान्यास कर हुआ निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी की रिहायशी कॉलोनियों में अब बरसाती सीजन में टांगरी नदी के पानी की एक बूंद भी घुस नहीं पाएगी। इसके लिए टांगरी नदी के बांध को उंचा व पक्का करने का काम शुरू हो गया है। परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने शनिवार को 2.67 करोड़ की लागत से इस योजना पर शुरू होने वाले कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि टांगरी नदी बांध को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ पक्का करने की शुरूआत की गई है। हम क्षेत्र के लोगों को आश्वासन देते हैं कि टांगरी के पानी से सभी का बचाव किया जाएगा। यहां लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले नदी के पानी के कारण रामपुर-सरसेहड़ी व अन्य क्षेत्रों की ओर काफी नुक्सान हुआ था। इसके बाद उन्होंने कच्चा बांध बनवाकर दिया था। मगर अब इसी कच्चे बांध को डेढ़ फुट और ऊठाते हुए स्टोन पीचिंग व मिट्टी डालकर इसे पक्का किया जा रहा है। जगाधरी रोड से चंदपुरा तक पक्का बांध बनाया जाएगा। मगर चंदपुरा के पास कुछ लोग बांध बनाने के लिए अपनी जमीन देने के लिए मना कर रह हैं। उन लोगों को मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस इलाके में बांध की ओर से पानी न आए ऐसे पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। विज ने कहा कि कुछ लोग चाहते हैं हम कामयाब न हो। अडंगे अड़ाकर लोगों को डुबाना चाहते हैं लेकिन हम ऐसे लोगों को कामयाब नहीं होने देंगे। विज ने कहा कि इलाकों को पानी से बचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में टांगरी नदी तल को और गहरा करने की योजना बनाई है ताकि पानी करधान, नग्गल, प्रभु प्रेम पुरम व अन्य कालोनियों में न जा सके। जैसे-जैसे मंजूरी मिल रही है योजनाओं पर काम किया जा रहा जगाधरी रोड से लेकर रेलवे लाइन तक भी बांध होगा ताकि टांगरी नदी का एक बूंद पानी शहर की तरफ न आए। टांगरी नदी को गहरा भी कराया जाएगा। माइनिंग बंद होने से नदी में काफी रेत है। माइनिंग विभाग से इजाजत मिलते ही नदी को 15-20 गहरा कराया जाएगा।

अंबाला। टांगरी नदी के बांध को उंचा व पक्का करने के कार्य का शिलान्यास करते मंत्री अनिल विज व मौजूद लोग। *फोटो: हरिभूमि*

अब सड़क भी चौड़ी होगी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी बरसाती नदी है जोकि शहर के बीच से बहती है। जब बरसात आती है तो यह नदी तबाही लाती है। टांगरी नदी के बब्याल वाले छोर पर उन्होंने बांध को मंजूर करवाकर उसपर रामगढ़ माजरा से महेशनगर पंप हाउस तक सडक बना दी। अब इस सडक को चौड़ा भी किया जा रहा है। अब इसी सडक को अंबाला-सहारनपुर रेलवे लाइन के नीचे से निकालकर आगे जीटी रोड पर जोड़ा जा रहा है। यह रोड बाढ़ में भी चलती रहेगी ऐसी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने एसडीएम को रामगढ़ माजरा से टांगरी नदी में आ रहे नाले को बंद कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा इस नाले से कभी भी टांगरी नदी का पानी शहर में प्रवेश कर सकता है। पानी निकालने के लिए उन्होंने क्षेत्र में और व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि महेशनगर ड्रेन के शेष क्षेत्र को पक्का करने का टेंडर हो चुका है और इसके लिए 24 करोड़ रुपए नगर परिषद से सिंचाई विभाग को जमा करा दिए गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम सतिंद्र सिवाच, सिंचाई विभाग के एसई मनीष भारद्वाज, भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, फकीरचंद सैनी, विजेंद्र चौहान, मोहित कौशिक, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, नरेंद्र राणा, श्याम सुंदर अरोड़ा, संजीव सोनी, रामबाबू यादव, संजीव वालिया, सुदर्शन सिंह सहगल, आरती सहगल, बलवंत सिंह, रोहताश सैनी, जितेंद्र विर्क, कुलदीप सैनी, दीपक भसीन, मदन लाल शर्मा के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने सजाया मोहक कवि दरबार

चंडीगढ़। लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) ने हरियाणा पंचायत भवन में ₹बसंत बहारः कविता की फुहार₹ शीर्षक से एक कविता पाठ सत्र का आयोजन किया। इस बौद्धिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएस की अध्यक्ष डॉ. सुमिता मिश्रा ने की।

प्रसिद्ध कवियों और उभरती प्रतिभाओं ने वसंत के मौसम को परिभाषित करने वाली नवीनीकरण और रचनात्मकता की भावना का जश्न मनाते हुए, अपनी भाव-विभोर करने वाली रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा, जैसा कि हमने वसंत के जीवंत मौसम का स्वागत किया, 'बसंत बहार' ने नवीनीकरण और रचनात्मकता की भावना को मूर्त रूप दिया।

यह कार्यक्रम लोगों को एक साथ लाने और सीमाओं को पार करने के लिए कविता की शक्ति का एक प्रमाण था। कवि और बसंत दोनों ही दुनिया के सौंदर्यकार हैं - एक अंदरूनी दुनिया को खूबसूरत रंगों में रंगता है और दूसरा बाहरी दुनिया को।

इस कार्यक्रम में चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली से 18 कवियों का गुलदस्ता पेश किया गया I ट्राईसिटी के इन मंझे हुए कवियों द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और पंजाबी भाषा में प्रकृति के बासंती रंगों में रंगी दृढ़ता, आशावाद, प्रेम, दया, सुंदरता, आनंद और जोश से भरपूर -सुंदर कविताएं प्रस्तुत की गईI

उपस्थित कवियों में धीरजा शर्मा, विनय बंसल, अलका कांसरा, रजनी पाठक, निशांत श्रीवास्तव, नीलम नारंग, अन्नूरानी शर्मा, सरिता मलिक और हरप्रीत कौर बवेजा ने बसंत विषय पर हिंदी में; लिली स्वर्ण, महक वरुण, सुनयना जैन, उर्वी शर्मा, देवियानी सिंह, स्टैफी भटीजा, रूबी मोहन ने अंग्रेजी में, गुरदीप गुल ने उर्दू और सुनीत मदान ने पंजाबी में अपनी प्रभावशाली रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का बेहतरीन मंच संचालन हरप्रीत कौर बवेजा और सरिता मलिक ने किया।

मैं नहीं मेरी तो आत्मा बोलती है....

- कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पुष्पा फिल्म के अंदाल में किया ट्विट, कहा झुकेगा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज शनिवार को पुष्पा फिल्म के अंदाज़ में /"झुकेगा नहीं/" वाला साइन ऑफ़ किया। एक्स पर किए गए ट्वीट के बारे में कहा कि /"यह सच है कि मैं कुछ नहीं बोलता। मेरी क्या हैसियत है और जो कुछ भी मैं बोलता हूं वह मेरी आत्मा बोलती है। आत्मा की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। डीसी के तबादले को लेकर पूछे गए सवाल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह आते-जाते रहते हैं इससे कोई ताल्लुक नहीं है। कहा कि वर्करों द्वारा संघर्ष और

कैबिनेट अनिल विज।

आत्मसम्मान की लड़ाई जारी रहेगी। अभी मेरी कोई बात नहीं हुई है कि वर्कर क्या महसूस कर रहे हैं। उनसे बैठकर बात करेंगे, उसके बाद फिर सोचेंगे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के उस ट्वीट पर विज ने उनका धन्यवाद किया जिसमें उन्होंने प्रदेश में अफसरशाही हावी होने की बात कही। केंद्रीय बजट के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि /"केंद्रीय बजट बहुत ही बेहतरीन और सर्वांगीण विकास का बजट है। हर वर्ग के लाभ का बजट प्रस्तुत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री बहुत ही है और जब से भाजपा की सरकार आई है तब से वह वित्त मंत्री हैं तथा देश की अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। कहा कि इस बार जीएसटी और इनकम टैक्स के संग्रहण में बहुत बढोतरी हुई है। इसके अलावा, इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक वृद्धि तथा एमएसएमई में काफी धनराशि लगाई जा सकती है। प्रियंका गांधी ने बजट भाषण के दौरान राष्ट्रपति को बेचारी बोल दिया के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि /"यह तो (प्रियंका गांधी व गांधी परिवार) सारे देश को बेचारा मानते हैं।

अच्छी चीज को अपने जीवन में धारण करें छात्र

- पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य ने छात्रों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग के स्टूडेंट्स कॉउंसिल एवं स्कूल प्राचार्य की वर्ष 2024-25 की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। हर साल की तरह स्कूल के सभी हाउस (करेज , विस्डम , स्ट्रेंथ , ग्लोरी) के प्रिफ़ेक्ट्स , वाइस कैप्टन्स और कैप्टंस ने इस वार्षिक बैठक में भाग लिया। इस बैठक में लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। इस बैठक का उदेश्य बच्चों के साथ खुले वातावरण में बातचीत कर उनसे स्कूल के प्रति विचारधारा को जानना है। स्कूल के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने सकारात्मक वातावरण में बच्चों से विचार सांझा करते हुए उनको एक प्रोजेक्टर के माध्यम से दो जुड़वां भाई बहन की कहानी दिखा कर पढ़ाई की महत्वता के बारे में और सीखे हुए ज्ञान के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि हमे केवल अच्छे नंबर लाने के लिए नहीं पढ़ना चाहिए बल्कि स्कूल में पढ़ाई गई हर बात को अच्छी तरह समझ कर उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। तभी हम सफ़लता की ऊंचाइयों को छू सकते है। हर व्यक्ति में अपना अलग़ गुण या योग्यता होती है, जिसके अनुसार ही उसे कार्य करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के लिए लाभकारी और महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की, जो कि आने वाले समय में बच्चों के लिए ज्ञानपूर्ण और उपयोगी हों सकती है। उन्होंने बच्चों को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अनुशासन व अच्छी आदतों को जीवन में अपनाने पर ज़ोर दिया। इस वार्षिक बैठक से बच्चे काफी लाभपूर्ण जानकारी प्राप्त करते है। बच्चों को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया और बच्चों के सुझावों का स्वागत करते हुए उन पर अमल करने का वादा किया।

अंबाला। छात्रों से बातचीत करते प्राचार्य डॉ. विकास कोहली। *फोटो: हरिभूमि*

हर्षोउल्लास से मनाया बसंत पंचमी का त्योहार

बराड़ा। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विद्या की देवी माँ सरस्वती का जन्मदिन बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन ज्ञान, विद्या, बुद्धि और संगीत की देवी माँ सरस्वती की पूजा की जाती है। इस अवसर पर शैमफॉर्ड विद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम कक्षा छठी की सिदक कौर ने बसंत पंचमी के अवसर पर भाषण प्रस्तुत किया तत्पश्चात कक्षा चौथी के बच्चों ने अपनी मधुर आवाज में वीणा वादिनी गीत प्रस्तुत करके सब का मन मोह लिया। अंत में कक्षा चौथी की छात्राओं द्वारा देवी शक्ति गीत पर नृत्य करके सरस्वती माता की शक्ति का बखान किया गया। प्रधानाचार्या रूबी शर्मा द्वारा बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की गई और उन्होंने विद्यार्थियों को इस शुभ अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना कर बच्चों को बल और बुध्दि प्राप्त करने के लिए कहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

मुरलीधर डीएवी स्कूल में बसंत पंचमी के साथ मां शारदा जयंती का किया आयोजन

विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

- प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवर को बसंत पंचमी एवं मां शारदा जयंती के शुभ अवसर पर एक भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की। विद्यार्थियों को ज्ञान, विद्या एवं संस्कृति के महत्व को समझाने का संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं, गीतों और नृत्य के माध्यम से बसंत पंचमी पर्व की गरिमा को उत्साहपूर्वक अभिव्यक्त किया। विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए नृत्य प्रदर्शन ने सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों ने बसंत ऋतु के उल्लास और मां सरस्वती की महिमा को सजीव कर दिया। कार्यक्रम की विशेषता रही माधुरी शर्मा एवं प्रवीण शर्मा द्वारा प्रस्तुत भक्ति रस से ओतप्रोत भजन और प्रार्थनाएं, जिन्होंने पूरे विद्यालय परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उनकी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस में डूबो दिया, जिससे समस्त छात्र-शिक्षक समुदाय मां सरस्वती के चरणों में नतमस्तक हो गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती का विशेष मंत्रोच्चारण कर उनका आह्वान किया गया। विद्यालय की टैगोर हाउस की हाउस इंचार्ज मंजू सचदेवा और नृत्य शिक्षिका आरती के योगदान की सराहना की गई, जिनके प्रयासों से यह आयोजन और भी भव्य बना।

अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक

कोऑर्डिनेटर सुदेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा तीन से कक्षा सात तक के विद्यार्थियों के लिए पतंग बनाने की विशेष गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी पतंगों का निर्माण कर ऋतुराज वसंत के आगमन का अभिनंदन किया। इन रंगीन पतंगों ने विद्यालय प्रांगण को जीवंत बना दिया और विद्यार्थियों में सृजनशीलता व उत्साह का संचार किया। विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने बताया कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी ज्ञान, कला और संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। यह दिन हमें शिक्षित होने, सृजनशील बनने और जीवन को सकारात्मकता से भरने की प्रेरणा देता है। विद्यालय परिवार ने इस शुभ अवसर पर मां सरस्वती की कृपा से ज्ञान, संगीत और कला के क्षेत्र में नई उंचाइयों को छूने का संकल्प लिया और इस पावन पर्व को एक अविस्मरणीय उत्सव के रूप में मनाया।